सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस

# केवाईसी हेतु जनसुरक्षा अभियान का आयोजन

**जबलपुर / राज न्यूज नेटवर्क**



जनसुरक्षा अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत गंधीग्राम सिहोरा एवं ग्राम पंचायत कुम्ही सतधारा में किया गया। जिसमें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार अभियान को गति दी गई। इस दौरान बताया गया कि सभी खातों में री.केवाईसी की समय पर पूर्ति अत्यंत आवश्यक है। 1 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक चलाए जा रहे सैचुरेशन कैंपेन के अंतर्गत री.केवाईसी को विशेष महत्व दिया गया है।

दोनों शिविरों में गांवों से आए 300 से अधिक ग्रामवासियों ने भाग लिया। जिसमें पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेडीवाई, एपीवाई, री.केवाईसी एवं खाता खोलने के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए। साथ ही 20 बैंक मित्र भी मौके पर ग्राहकों को तत्काल सेवाएँ प्रदान करने हेतु उपस्थित रहे।